# रोज़मर्रा की चीनी भाषा

# 每日汉语

印地语 01

国家汉办/孔子学院总部
Hanban/Confucius Institute Headquarters

中国国际广播电台
CHINA RADIO INTERNATIONAL

H195.4

中国国际广播出版社

01

# 每日汉语

中国国际广播出版社

# 《每日汉语》编辑委员会

**主　　编**：王庚年　许　琳

**副 主 编**：尹　力　马箭飞

**执行主编**：李　萍　王刚建　杨　磊　何劲草
安晓宇　于　宽　林少文　高世军

**编　　委**：孙文正　杨滨源　李培春　童拉格
张雯雯　关　锐　牛道斌　孙景立

**编　　务**：莫志伟　刘根芹　刘双燕　王瑞芬

# 目录 / विषयसूची


第一课　打招呼
पाठ 1　अभिवादन करना ………………………… 1

第二课　感谢与道歉
पाठ 2　आभार व्यक्त करना और क्षमा मांगना ……… 12

第三课　祝你生日快乐
पाठ 3　जन्मदिन मुबारक ………………………… 23

第四课　告别
पाठ 4　विदाई ………………………………… 35

第五课　求助
पाठ 5　मदद लेना ……………………………… 47

第六课　约会
पाठ6　मुलाकात ………………………………… 58

第七课　打电话
पाठ 7　फ़ोन पर बातचीत ………………………… 69

# 目录 / विषयसूची

第八课　谈论他人
पाठ 8　दूसरों के बारे में चर्चा ........ 81

第九课　谈论心情
पाठ 9　मनोभाव के बारे में ........ 94

第十课　谈工作
पाठ 10　जॉब के बारे में ........ 104

第十一课　谈爱好
पाठ 11　शौक-रूचि के बारे में ........ 116

第十二课　在快餐厅
पाठ 12　फ़ास्ट-फ़ूड के बारे में ........ 128


第十三课　在中餐厅
पाठ 13　चीनी रेस्तरां में ........ 141

第十四课　吃自助餐
पाठ 14　बफे डिनर ........ 152

此为试读，需要完整PDF请访问：www.ertongboo

# 第一课　打招呼

# पाठ 1　अभिवादन करना



थांग: यह चाइना रेडियो इन्टरनेशनल है। श्रोताओं को श्याओ थांग की नमस्ते।

राकेश: श्रोताओं को मेरा यानि कि राकेश वत्स का भी प्यार भरा नमस्कार।

थांग: दोस्तो, 《रोज़मर्रा की चीनी भाषा》 कार्यक्रम आज शुरू होता है। इस कार्यक्रम में हम आप को सरल चीनी भाषा पढ़ाएंगे, आशा है कि आप इस कार्यक्रम के जरिए चीनी भाषा बोलना सीख सकेंगे।

राकेश: श्रोताओ, मुझे चीन में काम करते हुए कई साल बीत चुके हैं,लेकिन खेद की बात है कि मेरा चीनी भाषा का स्तर अभी प्रारंभिक दौर में ही है। इस तरह इस कार्यक्रम के जरिए मैं भी आप लोगों के साथ शुरू से चीनी भाषा सीखूंगा।

थांग: यहां मैं बताना चाहती हूँ कि 《रोज़मर्रा की चीनी भाषा》 कार्यक्रम में हम श्रोताओं को बुनियादी चीनी भाषा पढ़ाएंगे। राकेश जी, आप जानते हैं कि चीनी भाषा सीखने में सब से पहले क्या बात सीखनी चाहिए?

राकेश: चीनी भाषा सीखने में सर्वप्रथम अभिवादन करना सीखना ज़रूरी है।

थांग: अच्छा दोस्तो, अब हम आज का कार्यक्रम शुरू करते हैं। पहले आप ध्यान से सुनिए आज का पूरा पाठ।

## 今日关键 आज के मुख्य वाक्य

Nǐ hǎo.
你 好。

नमस्कार।

Nǐ jiào shén me míng zi?
你 叫 什 么 名 字?

आप का नाम क्या है?

Zhè shì wǒ de míng piàn.
这 是 我 的 名 片。

यह मेरा नाम कार्ड है।

Hǎo jiǔ bú jiàn.
好 久 不 见。

हम लम्बे अर्से से नहीं मिले हैं।

थांग: यह है हमारे पहले पाठ का मुख्य विषय। चीनी भाषा में अभिवादन करने के कई तरीके हैं। लेकिन इन में सब से साधारण तरीका 你好 बोलना है।

राकेश: 你好, नमस्कार।

थांग: 你 का अर्थ है तुम या आप और 好 का अर्थ है अच्छा।

इस तरह 你好 का मतलब है आप अच्छे हैं। यह हिन्दी में नमस्कार की तरह ही है। आप कहीं भी जब किसी से मिलें तो 你好 कह सकते हैं।

राकेश: आप किसी अपरिचित व्यक्ति या परिचित दोस्त से भी 你好 कह सकते हैं।

थांग: 你 का उच्चारण हिंदी में "नी" के बराबर है और 好 का उच्चारण "हाउ" के नज़दीक है। तो राकेश जी क्या आप जानते हैं कि दूसरे लोग जब आप से 你好 कहते हैं तो आप कैसे जवाब देंगे?

राकेश: आप ने अभी कहा था कि यह हिन्दी में अभिवादन करने के बराबर है, मसलन हिंदी में जब मैं नमस्कार कहता हूँ, तो आप भी इस के जवाब में नमस्कार कह सकती हैं।

थांग: बिलकुल सही है। 你好 के जवाब में सिर्फ़ इस वाक्य को ही दोहराना काफ़ी है, 你好 । आप मेरे साथ बोलिए 你好 ।

राकेश: 你好。

थांग: अच्छा, 你好 ।

राकेश: 你好。

थांग: अच्छा । अभी हम ने व्याकरण की बात की। अब सुनिए बातचीत।

## 对话一 बातचीत एक

ए: 你好。 नमस्कार।

बी: 你好。 नमस्कार।

ए: 您好。 नमस्कार।

बी: 您好。नमस्कार।

राकेश: श्याओ थांग जी, अभिवादन करने के बाद मैं इस व्यक्ति का नाम जानना चाहता हूँ, तो चीनी भाषा में कैसे कहूंगा?
थांग: आप बोल सकते हैं कि आप का नाम क्या है?你叫什么名字?
राकेश: 你叫什么名字?
थांग: 你。आप।
राकेश: 你。
थांग: 叫。बुलाया जाना।
राकेश: 叫。
थांग: 什么。क्या।
राकेश: 什么。
थांग: आप का नाम क्या है?你叫什么名字?
राकेश: 你叫什么名字?
थांग: अच्छा, तो आगे आप ध्यान से सुनिए चीनी में एक बातचीत।

## 对话二 बातचीत दो

ए: 你叫什么名字? आप का नाम क्या है?
बी: 我叫王龙。मेरा नाम वांग लोंग है।
ए: 你叫什么名字? आप का नाम क्या है?
बी: 刘陆。ल्यू लू।

थांग: राकेश जी, उक्त वाक्यों में क्या फ़र्क है?

राकेश: लगता है कि जवाब के वाक्य अलग हैं। अगर लोग आप से पूछते हैं कि आप का नाम क्या है? तो आप को अपने जवाब में 我叫 के बाद अपना नाम बताना चाहिए, या सीधे से अपना नाम बता देना चाहिए।

थांग: आप बहुत बुद्धिमान हैं। आप ने बिलकुल सही कहा। सवाल का जवाब बहुत सरल है। तो आगे हम सवाल और जवाब का अभ्यास करें। 你叫什么名字?

राकेश: 你叫什么名字? आप का नाम क्या है?

थांग: वर्तमान चीन में लोग पहली बार मिलने के वक्त एक दूसरे को अपना नाम कार्ड देते हैं। दूसरे लोगों को अपना नाम कार्ड देते वक्त आप कह सकते है: 这是我的名片。 मतलब यह मेरा नाम कार्ड है।

राकेश: 这是我的名片。 क्या 名片 का अर्थ नाम कार्ड है?

थांग: बहुत सही। 名片, नाम कार्ड।

राकेश: 名片。

थांग: 这 का अर्थ है यह।

राकेश: 这。

थांग: 是 का मतलब है होना।

राकेश: 是。

थांग: 我的 चीनी भाषा में 我的 का अर्थ है मेरा। 我的。

राकेश: 我的。

थांग: 这是我的 का अर्थ है यह मेरा है।

राकेश: 这是我的。



此为试读，需要完整PDF请访问： www.ertongbo

थांग: 名片。 नाम कार्ड।

राकेश: 名片。

थांग: यह मेरा नाम कार्ड है। 这是我的名片。

राकेश: 这是我的名片。

थांग: अच्छा, अब सुनिए एक संक्षिप्त बातचीत।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 这是我的名片。 यह मेरा नाम कार्ड है।

बी: 谢谢。 धन्यवाद।

ए: 好久不见。你好吗? लम्बे अर्से से नहीं मिले। आप कैसे हैं?

बी: 挺好的。谢谢。 ठीक हूँ। धन्यवाद।

थांग: यह मेरा नाम कार्ड है। 这是我的名片。

राकेश: 这是我的名片。

थांग: नाम कार्ड। 名片。

राकेश: 名片。

थांग: अच्छा, अब आप सुनिए एक और वाक्यांश। राकेश जी, अगर लम्बे अर्से से आप अपने दोस्त से नहीं मिले। हिन्दी में इस बात को कैसे कहेंगे?

राकेश: बहुत आसान है। हम लम्बे अर्से से नहीं मिले हैं।

थांग: ठीक है। चीनी भाषा में हम कहेंगे: 好久不见。好久不见。

राकेश: 好久不见。

थांग: अब मैं एक-एक शब्द बोलूंगी। 好久 लम्बे अर्से से। 好久。

राकेश: 好久。

थांग: 不、नहीं।

राकेश: 不。

थांग: 见, मिलना।

राकेश: 见。

थांग: लम्बे अर्से से नहीं मिले। 好久不见。

राकेश: 好久不见。अच्छा, अब हम एक बार फिर सुनेंगे तीसरी बातचीत।

## 对话三 बातचीत तीन

ए: 这是我的名片。यह मेरा नाम कार्ड है।

बी: 谢谢。धन्यवाद।

ए: 好久不见。你好吗? लम्बे अर्से से नहीं मिले। आप कैसे हैं?

बी: 挺好的。谢谢。ठीक हूँ। धन्यवाद।

थांग: दोस्तो, अब आप सुन रहे हैं《रोज़मर्रा की चीनी भाषा》कार्यक्रम। आगे आप एक बार फिर सुनिए आज का पहला पाठ। हम ने सब से पहले 你好 सीखा।

राकेश: 你好。

थांग: आप का नाम क्या है? 你叫什么名字?

राकेश: 你叫什么名字?

थांग: हम ने सीखा है कि दूसरे लोगों के साथ नाम कार्ड का आदान-प्रदान करने के वक्त हम बोलेंगे यह मेरा नाम कार्ड है। 这是我的名片。

राकेश: 这是我的名片。

थांग: चीनी भाषा में 好久不见 का अर्थ है लम्बे अर्से से नहीं मिले। 好久不见。

राकेश: 好久不见。

थांग: अच्छा, अब सुनिए आज का पूरा पाठ।



## 完整对话 पूरी बातचीत

### 对话一 बातचीत एक

ए: 你好。नमस्कार।

बी: 你好。नमस्कार।

ए: 您好。नमस्कार।

बी: 您好。नमस्कार।

### 对话二 बातचीत दो

ए: 你叫什么名字? आप का नाम क्या है?

बी: 我叫王龙。मेरा नाम वांग लोंग है।

ए: 你叫什么名字? आप का नाम क्या है?

बी: 刘陆。ल्यू लू।

### 对话三 बातचीत तीन

ए: 这是我的名片。यह मेरा नाम कार्ड है।

बी: 谢谢。 धन्यवाद।

ए: 好久不见。你好吗? लम्बे अर्से से नहीं मिले। आप कैसे हैं?

बी: 挺好的。谢谢。 ठीक हूँ। धन्यवाद।

थांग: अच्छा दोस्तो. बाद में इस कार्यक्रम में हम आप को चीनी संस्कृति के बारे में भी कुछ बताएंगे, जिस से आप को चीनी संस्कृति तथा चीनी व विदेशी संस्कृति में फ़र्क मालूम हो सके।

राकेश: तो हमारे आज के कार्यक्रम में चीनी संस्कृति से जुडे क्या विषय हैं?

थांग: वेइतुंग भाई हमें बताएंगे।

## चीनी संस्कृति की जानकारी

नमस्ते, मैं वेइतुंग हूँ। आप जानते होंगे कि कुछ लोगों के बीच अभिवादन करते समय 你好 (nǐ hǎo) की जगह 您好(nín hǎo) कहते हैं। 您好 और 你好 के बीच फ़र्क यह है कि आप अपने समान उम्र व समान सामाजिक स्थान वाले व्यक्ति से अभिवादन के लिए कहते हैं 你好 । अगर किसी बड़े व्यक्ति व मेहमान का अभिवादन करेंगे, तो आप को 您好 कहना चाहिए। वास्तव में हिन्दी में 您 का अर्थ है आप और 你 का अर्थ तुम है। सम्मान के लिए दूसरे को 您好 कहकर अभिवादन देते हैं।

थांग: अच्छा, हम वेड़तुंग भाई को धन्यवाद देते हैं। राकेश जी, आज के पाठ में हम ने बहुत ज्यादा सीखा।

राकेश: जी हां। श्रोताओ, आज का कार्यक्रम समाप्त होने के पूर्व क्या मैं आप से एक सवाल पूछूं, आप बताएं चीनी भाषा में "लम्बे अर्से से नहीं मिले" कैसे कहा जाता है?


थांग: अगर आप इस सवाल का जवाब जानते हैं, तो ई-मेल के जरिए हमें पत्र भेजिए। हमारा ई-मेल का पता है hindi@cri.com.cn। अगर आप हमारा कार्यक्रम दुबारा सुनना चाहते हैं, तो इन्टरनेट पर हमारी हिन्दी वेबसाइट देख सकते हैं। हमारी वेबसाइट का पता है hindi.cri.cn। अच्छा अब श्याओ थांग को आज्ञा दें, नमस्कार।

राकेश: राकेश को भी आज्ञा दें, नमस्कार।



# 第二课　感谢与道歉

# पाठ 2　आभार व्यक्त करना और क्षमा मांगना



此为试读，需要完整PDF请访问：www.ertongboo